>

Title : Need to set up a Commando & Police Training School in Himachal Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): अध्यक्ष महोदय, हिमाचल प्रदेश पर्वतीय एवं सीमावर्ती प्रदेश है। इसका एक हिस्सा आतंकवाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर की सीमा से लगता है एवं दूसरा हिस्सा तिब्बत से लगता है। हिमाचल प्रदेश से देश की रक्षा सेनाओं में अपेक्षाकृत बहुत बड़ी संख्या में नौजवान भर्ती होते हैं। यही कारण है कि अनुपातिक दृष्टि से बहुत छोटा प्रदेश होते हुए भी यहां के रण-बांकुरों ने देश की रक्षा में अपने प्राणों की सबसे ज्यादा आहुतियां दी हैं, फिर चाहे वह चीन का युद्ध हो, पाकिस्तान के साथ हुए दो युद्ध अथवा तीसरा कारगिल का संग्राम हो।

महोदय, गृह मंत्रालय देश भर में कमांडो एवं पुलिस ट्रेनिंग स्कूल स्थापित करने पर विचार कर रहा है। हिमाचल प्रदेश के नौजवानों के देश-प्रेम एवं बलिदानों को ध्यान में रखते हुए मेरा माननीय गृह मंत्री जी से आग्रह है कि वे कम से कम एक कमांडो और पुलिस ट्रेनिंग स्कूल हिमाचल प्रदेश में अवश्य स्थापित करें।